## धनतेरस आज : अच्छे व्यापार की आस में सजे शोरूम और सराफा दुकानें

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** धनतेरस पर्व आज मनाया जायेगा। परंपरा और मंगल मुहूर्त के चलते जिले भर के व्यापारी आज बाजारों में धन बरसने की उम्मीद सजाये बैठे हैं। परंपरायें निभाने सोने चांदी समेत बर्तन और अन्य चीजों की खरीद फरोख्त सो होगी। किसानों के अलावा जिले में एक तबका संपन्न सरकारी और इन्वेस्टरों का भी है। मंगल मूहूर्त पर खरीददारी के लिए यदि ये तबका बाजार में उतरता है तो भी जिले भर में 8 से 10 करोड़ के व्यापार की उम्मीद है। धनतेरस धन और तन दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।



**गाड़ियों की एडवांस बुकिंग**-इस साल धनतेरस पर जिले में दो पहिया गाड़ियों की बिक्री पूर शबाब पर है। यहां एक शोरूम के मैनेजर से बात की गई तो उनका कहना था कि इस बार लोगों ने धनतेरस पर पहले से गाड़ी खरीदने की एडवांस बुकिंग कर ली हैं। इस साल इच्छी खरीदी की उम्मीद है और व्यापार अच्छा होने की संभावना के बीच बताया गया कि आज बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

**सज गई दुकानें**-दीपावली के मौके पर फटाखा और मिठाईयों की जमकर खरीददारी होती है। धनतेरस के पहले शहर के चर्च ग्राउंड में पटाखों की दुकानें सजना शुरू हो गई थी। जिनमें तरह तरह की पटाखों मौजूद हैं। अलावा इसके शहर भर में सोने-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक, कपड़ा, मिठाईयों की दुकानों समेत रंगोली और साज सज्जा की दुकानों की भी भरमार है। त्यौहार को लेकर जिले की आस्था देखते ही बनती है। ऐसे में औपचारिकता निभाने आज छुटपुट चीजों समेत बर्तन आदि की बिक्री शबाब पर रहेगी। इसी तरह मिठाई और कपड़ों की भी जोरदार बिक्री होने की संभावना व्यापारी व्यक्त कर रहे हैं। इलेक्ट्रानिक आईटम समेत स्मार्ट फोन्स के शोरूम भी आज जोरदार ग्राहकी के इंतजार में है।

## अष्टांग चिकित्सालय में आज मनाई जाएगी धनवंतरी जयंती

**नरसिंहपुर।** भगवान धनवंतरी का प्रादुर्भाव कार्तिक कृष्ण त्रिपादशी को समुद्र मंथन से इस हुआ था। भगवान धनवंतरी को संपूर्ण चिकित्सा विज्ञान का आविष्कारक माना गया है। आज वर्तमान में जितनी भी चिकित्सा पद्धतियां हैं (मेडिसन, सर्जरी, ईएचआई, गयनोकोलाजी, लेजर आदि) सभी की उत्पत्ति इन्ही के द्वार हुई है।



इस संबंध में जिले के अष्टांग चिकित्सालय के संचालक एवं पंचकर्म एवं योग विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र पाण्डेय बताते हैं कि जीवन को स्वस्थ्य एवं सुखपूर्वक जीते हुए अंत में मोक्ष को प्राप्त करना ही आयुर्वेद की शिक्षा है। वर्तमान में आयुर्वेद को जानने व मानने वाले व्यक्ति कम होते जा रहे हैं एवं इसकी क्षति को भुनाने वाले छदम चरों की संख्या बढ़ती जा रही है।

अत: यह आवश्यक हैं कि आयुर्वेद के नाम पर वर्तमान में प्रचलित मनगढंत औषधियों और प्रसाधनों के आक्रमक प्रचारों से बचें तथा पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एवं अनुभवी आयुर्वेद विद्वानों की सलाह से औषधी सेवन करें। एक प्रतिवर्ष अनुसार धनवंतरी जयंती एक के पावन पर्व पर नरसिंहपुर की प्रतिष्ठित अष्टांग चिकित्सालय में अपरान्ह 12:30 पर भगवान धनवंतरी के पूजन का आयोजन किया गया है।

## महगाई भत्ता नहीं मिलने से कर्मचारियों मे असंतोष

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को जनवरी- 2024 से चार प्रतिशत तथा जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत महगाई भत्ता नहीं मिलने से कर्मचारियों मे असंतोष हैं। मप्र अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद कौरव ने बताया कि मप्र के कर्मचारियों को सरकार ने वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए आपने कर्मचारियों को महगाई भत्ता देने के लिए बजट में 64 प्रतिशत की दर से राशि रखने के निर्देश दिए थे। यदि इस प्रकार की बढ़ने से शासन पर भार नहीं आएगा जबकि केंद्र सरकार ने दिपावली के पूर्व आपने कर्मचारियों और पेंशनरों को 53 प्रतिशत देना के आदेश जारी कर दिए हैं।

मप्र शासन के कर्मचारियों और पेंशनरों को 7 प्रतिशत पीछे हैं। केंद शासन के कर्मचारियों से जबकि महगाई सब पर एक समान रहती हैं फिर डबल इंजन की सरकार होते हुए आपने कर्मचारियों को प्रतिशत महगाई भत्ता से पीछे कियो रखा जा रहा हैं। शासन के मुखिया डॉ मोहन यादव से मांग की हैं कि दिपावली के पूर्व 7 प्रतिशत महगाई भत्ता के साथ पूर्व माह का एरियर्स का भुगतान कराने के आदेश जारी करने करे।

### सार-समाचार

## ओवर नाइट एक्सप्रेस के श्रीधाम स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के श्रीधाम स्टेशन से जिस ट्रेन में गरीब जनता सफर करती थी वह ट्रेनें बंद कर दी गई है अब सवाल यह उठता है की गरीब जनता की कोई सुनने वाला है क्या।जो बंद पड़ी शटल और फास्ट गाड़ी को पुन: चालू करने के लिए प्रयास होना चाहिए इस विषय में अनेक बार जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत भी कराया किंतु जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनमानस में आक्रोश पैदा कर रही है वहीं पढ़ाई करने के लिए इंदौर जाने वाले बच्चों के लिए भी रेल प्रशासन को ओवरनाइट का स्टॉपेज करना चाहिए अभी इंदौर के लिए सिर्फ नर्मदा एक्सप्रेस है इसको पहुंचने में 13 घंटे का समय लगता है एवं ओवरनाइट अगर श्रीधाम स्थापित हो जाए तो सिर्फ 9 घंटे में इंदौर की यात्रा विद्यार्थियों के लिए सुगमता प्रदान करेगी इंदौर आने जाने वाले बच्चों के लिए समय भी कम लगेगा इस विषय में शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्यान दें। स्मरण रहे यह ट्रेनें इटारसी से कटनी सतना के बीच लगभग तीस से चालीस स्टेशनों की यात्रियों को समय पर और सुविधा पूर्वक अपने गंतव्य तक लाने ले जाने का कार्य करती थी जहां ओवरनाइट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का यह भी कहना है कि पिपरिया में ट्रेन समय के पूर्व पहुंच जाती है एवं लगभग आधा घंटा वहां खड़ी रहती है एवं इसी तरह से आते समय मदन महल बिफोर समय पर पहुंच जाती है तो लगभग तीस मिनट मिनट मदन महल में भी खड़ी रहती है इसी समय को मैनेज करते हुए अगर दो मिनट का श्रीधाम में स्टॉपेज हो जाए तो यात्रियों एवं बाहर पढ़ने जाने वाले छात्रों सहित गोटेगांव क्षेत्र की जनता को भी इस ट्रेन का लाभ मिलने लगेगा।

## सजकर तैयार हो गए हैं जुआ फड़

**गाडरवारा, देशबन्धु।** दीपावली त्यौहार के नजदीक आते ही क्षेत्र में जगह-जगह जुएं के फड़ सजकर तैयार हो गए हैं तथा इनको अंजाम देने, वाले जुआड़ियों में भी अच्छा खासा उत्साह एवं सक्रियता देखने को मिल रही है। सूत्रों के अनुसार तहसील क्षेत्र के सालेचौका, चीचली, सिहोरा, पलोहा, सांईखेड़ा थाना अंतर्गत जगह-जगह जुआड़ियों ने अपने ठिकाने तय कर लिए हैं तथा शीघ्र ही इनकी जुगाड़ जमने के पश्चात इनका उद्घाटन हो जाएगा। त्योहार के अवसर पर इन जुआ के फडों का चलना लगभग तय है । इन जुआ के फडों में कई लोगों की खून पसीने की कमाई लुटना भी तय है। बस अब देखना होगा कि क्षेत्र के इन जुआ फडों पर पुलिस की मेहरबानी होती है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा।

## अभ्युदय यूथ क्लब अंचल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सोमवार को एकल अभियान के तहत अभ्युदय क्लब नरसिंहपुर अंचल की अंचल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व प्रथम मुख्य अतिथि नीलेश ककोड़िया जिला पंचायत प्रतिनिधि और संरक्षक अमितेंद्र नारोलिया अंचल समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह सलूजा के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता का पूजन कर दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना की गई। जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री ( पूर्व विधायक नरसिंहपुर ) के द्वारा समापन कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में 11 संच के 396 बच्चो ने भाग लिया एवं आचार्य 210 एवं सभी संच प्रमुख संच व्यास एवं पूर्ण अंचल टोली उपस्थित रहे जिला स्तरीय।

प्रतियोगिता में संच में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चो को जिला स्तर पर खेल खिलाया गया जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चो को पुरस्कार के रूप में सील्ड एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया जो कि पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के द्वारा सप्रेम भेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अंचल समिति से विनोद मेहरा भाग उपाध्यक्ष , अमितेंद्र नारोलिया अंचल संरक्षक , कुलदीप सलूजा अंचल अध्यक्ष ,आशुतोष वर्मा अंचल सचिव,प्रशांत तिवारी कोसा अध्यक्ष ,सूर्यप्रकाश स्वामी संच समिति अध्यक्ष सिंगपुर एवं अंचल से पूर्ण कालिक कार्यकर्ता में ओम प्रकाश मरावी अभियान प्रमुख गुलमान सिंह सल्लाम प्राथमिक शिक्षा प्रमुख सूरज पटेल कार्यालय प्रमुख राजेंद्र चीचले अंचल व्यास नितेश, खेल कूद प्रमुख संच से श्यामलाल जगदीश राकेश तेजराम धर्मेंद्र, चंद्रभान, प्रमोद, ब्रजेश, दुर्गा प्रसाद साहू निलेश जीवन जी संच व्यास कमल जी दीनदयाल कृष्णकांत एवं सभी एकल परिवार उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह सलूजा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## जवाहर कृषि उपज मंडी पांच दिन रहेगी बंद

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जवाहर कृषि उपज मण्डी समिति ने समस्त कृषक बंधुओं को सूचित किया है, कि ग्रेन मर्चेन्ट एण्ड दाल मिलर्स एसोसिएशन गाडरवारा द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में आज 29/10/2024 दिन मंगलवार धनतेरस से दिनांक 2/11/2024 दिन शनिवार तक मंडी का घोष विक्रय कार्य बंद रखने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है मंडी 5 दिन तक बंद रहेगी तथा दिनांक 3/11/2024 दिन रविवार होने के बावजूद दोज मुहुर्त पर मंडी खोली जाएगी और सुबह 9 बजे से अनाज का घोष विक्रय प्रारंभ होगा। अत: समस्त कृषक बंधु दोज मुहुर्त के अवसर पर दिनांक 3/11/2024 दिन रविवार को अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु मण्डी प्रांगण में लावें।




## दस ग्राम से अधिक स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**गाडरवारा देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ के व्यापार व परिवहन में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब के कारोबार, जुआ व सट्टा पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, गुण्डे एवं बदमाशों की धरपकड़ कर अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णत: नियंत्रण हेतु आपरेशन प्रहार चलाया जाकर विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्रवाई की जा रही है।



इसके परिणामस्वरूप बीते रविवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम छबारा तहसील गाडरवारा का रहने वाला संदेही अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 49 एमटी 5930 से जिसके मास्क पर हिन्द लिखा है जो अपने पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखकर मिढवानी माता मंदिर के पास ग्राम बोहानी में किसी ग्राहक को विक्रय करने के आशय से आने वाला है तत्काल दबिश दी जावे तो संदेही को अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित पकड़ा जा सकता है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर गिरफ्त में लेकर नाम पता पूंछा गया तो उसने अपना नाम आशीष कौरव पिता नेतराम कौरव उम्र 32 साल निवासी ग्राम छवारा थाना करेली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर का होना बताया। मौके पर समक्ष गवाहान तलाशी लेने पर संदेही के कब्जा से 10.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती करीबन एक लाख रुपये, अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त कर आरोपी को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपी आशीष कौरव पिता नेतराम कौरव उम्र 32 साल निवासी ग्राम छवारा थाना करेली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के विरूद्ध अपराध धारा- 8, 21 (बी), 29 एनडीपीएस. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायिक हिरासत में न्यायालय प्रस्तुत किया गया। उक्त कृत्य में संलिप्त एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

## गम्भीरतापूर्वक हो सोयाबीन उपार्जन का कार्य : कलेक्टर

### समय सीमा की बैठक में शिकायत की अनदेखी करने पर 23 अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में 25 अक्टूबर से सोयाबीन उपार्जन का कार्य समर्थन मूल्य पर शुरू हो चुका है। सभी संबंधित अधिकारी सोयाबीन उपार्जन की कार्यवाही संवेदनशीलता के साथ करें।

अच्छी गुणवत्ता के सोयाबीन की खरीदी हो तथा खरीदी केन्द्रों पर संबंधित अधिकारी और विभागीय अमला मौजूद रहें, ताकि व्यवस्थित ढंग से सोयाबीन का उपार्जन किया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाये।उपार्जन केंद्रों पर सर्वेयर, बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता रहे। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर शीतला पटले ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिये।



बैठक में कलेक्टर ने बताया कि मध्यप्रदेश का 69 वाँ स्थापना दिवस समारोह आनंद और उमंग के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों पर सायंकाल को प्रकाश सज्जा भी की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि महाकौशल विज्ञान परिषद एवं ट्रिपलआईटी डीएम द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं औद्योगिक परिषद के सहयोग से महाकौशल विज्ञान मेला का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर जबलपुर में 15 नवम्बर से 18 नवम्बर तक आयोजित होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे इस मेले में स्टॉल लगाना सुनिश्चित करें। इसके लिए स्थान तय कर स्टॉल लगाने की पूर्व से तैयारी की जायें।

आपसी समन्वय के लिए संभागीय अधिकारियों से भी चर्चा करे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में पाया कि माह सितंबर की शिकायत अनअटेंडेट/ अनिराकृत हैं। इस पर उन्होंने 23 अधिकारियों पर 500 रूपये के मान से जुर्माना रेडक्रास में जमा करने के लिए निर्देशित किया। इसके बावजूद अगर पुनरावृत्ति होती है, तो प्रति शिकायत 500 रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा।कलेक्टर पटले ने समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के रूद्र मैदान गाडरवारा में 3 नवम्बर से 6 नवम्बर तक किया जायेगा।

प्रतियोगिता के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का समय पर पालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र शर्मा पंडा को श्रद्धांजलि दी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जनसरोकार को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाले पत्रकार देवेन्द्र शर्मा पंडा जी हम सब लोगों के दिलो दिमाग में हमेशा रहेंगे। उन्होने निष्पक्ष भाव से समसायिक मुद्दों को शासन-प्रशासन के सामने रखा। उक्त बात शगुन मैरिज गार्डन में वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र शर्मा पंडा जी को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने कही। अपने उद्‌बोधन में श्री सोनी ने कहा कि हर विचारशील व्यक्ति उनके निधन से दुखी है। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने उनसे जुड़े कई संस्मरण बताते हुए कहा कि उनका परिचय क्षेत्र पूरे होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में था वे आम आदमी की आवाज रहे। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि उनके निधन से जिले को बड़ी क्षति हुई है।



पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्विनी धौरेलिया ने कहा कि पंडा जी की कार्यशैली के कारण हर व्यक्ति ने उन्हें अपना माना। बेवाकी से उन्होने अपनी बात रखी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने बताया कि समय-समय पर उनका मागदर्शन मिलता रहा।

इस मौके पर इंजी. सुनील कोठारी, डॉ. संजीव चांदोरकर, एड. चौधरी जोगेन्द्र सिंह, एस.के. चतुर्वेदी, सुबोध शर्मा, अशोक त्रिपाठी, डॉ. गणेश सोनी, नीलू राय, अजय दुबे, बंटी सलूजा, अमर नौरिया, सुनील प्रजापति के अलावा अन्य वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री पंडा ने जनसामान्य की समस्याओं को मुखरता से उठाया। वे हमेशा रचनात्मक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अग्रेणी रहते थे और जाति-धर्म से हटकर कार्य करते थे यही कारण है कि उनके निधन से हर वर्ग को गहरा दुख हुआ है। श्रद्धांजलि का संचालन नीलेश जाट एवं आभार प्रदर्शन अस्सू नेमा ने किया।

## राज्यस्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बैठक आयोजित

**गाडरवारा देशबन्धु।** बीते सोमवार को स्थानीय शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक मे 3 नवंबर से 6 नवम्बर तक रूद्र कालेज मैदान पर आयोजित होने जा रही 68 वी शालेय राज्य स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता 17 वर्ष बालक, बालिका वर्ग की व्यवस्थाओ से जुड़े कर्मचारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक मे साईखेड़ा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदूरख्या ने सम्पूर्ण आयोजन से जुडी रुपरेखा से उपस्थित जनो को अवगत कराते हुए सभी से जिम्मेदारियों का निर्वाहन बेहतर ढंग से करने की बात कही।

चीचली बीईओ नीलम मरावी ने बालिका आवास व्यवस्था से जुडी जानकारी दी। प्राचार्य एस के मिश्रा एवं सुनीता पटैल ने कहा कि सभी आपसी तालमेल से कार्य कर सुव्यवस्थित ढंग से आयोजन को सफल बनाएं। पीटीआई अनुज जैन रूद्र मैदान पर जारी तैयारियो से जुडी जानकारी प्रस्तुत की। विदित हो कि इस आयोजन मे 9 स्कूल शिक्षा व 1 जनजातीय संभाग से लगभग 250 छात्र छात्राएँ एवं 25 से अधिक कोच एवं मैनेजर भाग लेंगे। बैठक मे प्राचार्य आरती पाठक, बीआरसी संदीप स्थापक, चन्द्रकांत विश्वकर्मा, सिविल अस्पताल से डॉ पंथी, नपा से जयंत ब्राउन सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## आर्यिका रत्न चिंतनमति व सारमति माताजी ने किया नव निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन

**करेली, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले के करेली नगर में चातुर्मास रत परम पूज्य गुरुदेव 108 आचार्य श्री विद्यासागर व पूज्य गुरुदेव समय सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या वंदनीय आर्यिका रत्न 105 चिंतनमति व सारमति माताजी ने रविवार दोपहर लक्ष्मीनारायण वार्ड मे भव्यातिभव्य बन रहे जिन मंदिर व मूलनायक भगवान का अवलोकन किया। व कार्य करने वाले इंजी. गिरिराज जी को शीघ्रता से कार्य पूर्णता के साथ मंगल आशीष भी दिया। मौके पर उपस्थित समाजजनों को शीघ्र ही आचार्य श्री के कर कमलों से पंचकल्याणक महोत्सव हो इस बाबत मार्गदर्शन भी दिया।

इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य व समाज जन उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि करेली नगर का भव्य जिन मंदिर जैसलमेर, जयपुर से आए लाल व चंदन कलर के पत्थरो से निर्माणाधीन है।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए